भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2842
उत्तर देने की तारीख 05 अगस्त, 2026

वायनाड संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में नेटवर्क संपर्क रहित क्षेत्र

2842. श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्राः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः:

(क) क्या सरकार ने वायनाड लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में नेटवर्क संपर्क रहित क्षेत्र में कवरेज बेहतर करने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) वायनाड लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में कमजोर नेटवर्क कनेक्टिविटी या इसके पूर्ण अभाव वाले विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह (सीवीटीजी) वाले गाँवों और स्थानों का ब्यौरा क्या है;

(ग) वायनाड लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में 4जी संतृप्ति परियोजना के अंतर्गत उन्नयन के लिए विचार किए जा रहे नए स्थलों और वर्तमान स्थलों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने आपदा-रोधी दूरसंचार अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए कोई पहल की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार का वायनाड लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में आपदा के समय बेहतर प्रतिक्रिया के लिए सेल ऑन व्हील (अस्थायी मोबाइल टावर) लगाने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (ग): वायनाड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के 7,230 मोबाइल बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) हैं। वर्तमान में निर्वाचन क्षेत्र के सभी 252 गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध है, जो वायनाड, कोझिकोड और मलप्पुरम जिलों के कुछ हिस्सों में फैली हुई है।

सरकार ने डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) के माध्यम से इस निर्वाचन क्षेत्र सहित देश भर के सेवा से वंचित गांवों और स्थानों के लिए, चिन्हित क्षेत्रों में 4जी मोबाइल सेवाएं प्रदान करने के लिए परियोजनाएं शुरू की हैं। इन स्कीमों के अंतर्गत - विशेष रूप से बीएसएनएल 4जी सेचुरेशन परियोजना के तहत वायनाड, कोझिकोड और मलप्पुरम जिलों में कुल 24 बीटीएस (4जी) पहले ही चालू किए जा चुके हैं ताकि इन जिलों में व्यापक कवरेज सुनिश्चित हो सके।

(घ) दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने आपदा प्रतिक्रिया को सुदृढ़ करने और आपदाओं और आपातकालीन स्थितियों के दौरान प्रभावी शमन और बहाली को सुकर बनाने के उपाय के रूप में देश में दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने वाले विभिन्न हितधारकों द्वारा पालन की जाने वाली मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी)-2020 जारी की है।

(ङ): केरल लाइसेंस सेवा क्षेत्र (एलएसए) में, टीएसपी के पास कुल सात (7) सेल-ऑन-व्हील्स (सीओडब्ल्यू) इकाइयां उपलब्ध हैं और इनको आपदा प्रतिक्रिया कार्यों का सहयोग करने के लिए आवश्यकतानुसार वायनाड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित केरल के भीतर कहीं भी तैनात किया जा सकता है।

****